जनसम्पर्क विभाग, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर

<u>प्रेस विज्ञप्ति संख्या–04</u>

गोरखपुर, 30 जून : रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुविधा को देखते हुये गाड़ी संख्या 15007/15008 लखनऊ–मंडुवाडीह–लखनऊ कृषक एक्सप्रेस का संचलन मंडुवाडीह के स्थान पर वाराणसी सिटी से/तक एवं गाड़ी संख्या 14259/14260 वाराणसी–रामेश्वरम् एक्सप्रेस का संचलन नये गाड़ी संख्या 15119/15120 से वाराणसी जं0 के स्थान पर मंडुवाडीह से/तक निम्नानुसार किया जायेगा ।

– लखनऊ जं0 से 30 अक्टूबर,2015 से चलने वाली 15008 लखनऊ जं0–मंडुवाडीह एक्सप्रेस मंडुवाडीह के स्थान पर वाराणसी सिटी में अपनी यात्रा समाप्त करेगी ।

– मंडुवाडीह से 31 अक्टूबर,2015 से चलने वाली 15007 मंडुवाडीह–लखनऊ जं0 एक्सप्रेस मंडुवाडीह के स्थान पर वाराणसी सिटी से चलायी जायेगी ।

– वाराणसी से 01 नवम्बर,2015 से चलने वाली 14260 वाराणसी–रामेश्वरम् एक्सप्रेस परिवर्तित नये नम्बर गाड़ी संख्या 15120 से वाराणसी जं0 के स्थान पर मंडुवाडीह से चलायी जायेगी।

– रामेश्वरम् से 04 नवम्बर,2015 से चलने वाली 14259 रामेश्वरम्–वाराणसी एक्सप्रेस परिवर्तित नये नम्बर गाड़ी संख्या 15119 से वाराणसी जं0 के स्थान पर मंडुवाडीह में अपनी यात्रा समाप्त करेगी।

शार्ट टर्मिनेशन के उपरान्त उपरोक्त गाड़ियों के आगमन एवं प्रस्थान समय में परिवर्तन होगा। गाड़ी संख्या 15008 वाराणसी सिटी में 12.45 बजे पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 15007 वाराणसी सिटी से 16.55 बजे प्रस्थान करेगी । इसी प्रकार गाड़ी संख्या 15119 मंडुवाडीह में 04.45 बजे पहुंचंगी तथा गाड़ी संख्या 15120 मंडुवाडीह से 21.15 बजे प्रस्थान करेगी ।

(एस.पी.मिश्र)
जनसम्पर्क अधिकारी

सम्पादक/ब्यूरो प्रमुख,
गोरखपुर